आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 25.11.2026
समय 720

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में सड़क कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए केंद्र की पहल। राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण की कई परियोजनाओं को वर्ष 2027–28 में मंजूरी का लक्ष्य।
- उत्तरकाशी के पवाणी गांव में भीषण अग्निकांड। 30 से अधिक परिवार प्रभावित। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावितों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया।
- प्रसार भारती की पहली स्क्रिप्ट पिचिंग लैब 'पेज से पिच तक' के विजेताओं की घोषणा। अविशेष झा को पहला पुरस्कार।
- श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के रमता पंचों की जमात के नगर प्रवेश के साथ हरिद्वार कुंभ–2027 की धार्मिक गतिविधियों का शुभारंभ।

सड़कें

उत्तराखंड के पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों में सड़क संपर्क बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और चौड़ीकरण की प्रक्रिया तेज की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित टनकपुर–बागेश्वर, बागेश्वर–कर्णप्रयाग और ऋषिकेश–उत्तरकाशी रेल लाइन परियोजनाओं की स्केप टनलों को दो लेन मोटर मार्ग के अनुकूल बनाने का अनुरोध किया था। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग–09 पर टनकपुर से जौलजीबी तक 183 किलोमीटर और राष्ट्रीय राजमार्ग–34 पर ऋषिकेश से उत्तरकाशी तक 143 किलोमीटर मार्ग का दो लेन चौड़ीकरण पूरा हो चुका है। वहीं, जौलजीबी से बागेश्वर और बागेश्वर से कर्णप्रयाग मार्ग के चौड़ीकरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इन कार्यों को वर्ष 2027–28 में स्वीकृति देने का लक्ष्य है। इसके अलावा उत्तरकाशी से गंगोत्री मार्ग के शेष 86 किलोमीटर हिस्से के चौड़ीकरण को भी वर्ष 2027–28 में स्वीकृति देने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा। साथ ही पर्यटन, व्यापार और सामरिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

उत्तरका"ी/आग

उत्तरकाशी जिले के मोरी विकासखंड स्थित पवाणी गांव में कल शाम भीषण आग लगने से कई मकान जलकर राख हो गए। अग्निकांड में 30 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। मोरी तहसील मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर गांव में एक मकान में आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के कई मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से मकानों में रखा खाद्यान्न, बर्तन, कपड़े, नकदी और अन्य घरेलू सामान जलने की सूचना है। राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। साथ ही भोजन, आवास और चिकित्सा सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नुकसान का आकलन कर नियमानुसार सहायता राशि देने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। सरकार की प्राथमिकता प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाना और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना है।

टिहरी झील

टिहरी झील आज स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए पर्यटन, साहसिक खेलों और स्वरोजगार का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरी रही है। प्रदेश सरकार द्वारा झील को वैश्विक पर्यटन हब बनाने के प्रयासों और सालाना लाखों पर्यटकों के आने से स्थानीय स्तर पर आजीविका के कई नए रास्ते खुले हैं। जिला पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा ने कहा कि झील में लगातार पर्यटन गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। यहां बोटिंग, पैरासेलिंग, याट और क्रूज जैसी सुविधाएं पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। केवल बोटिंग के लिए ही प्रतिवर्ष करीब 3 से 4 लाख पर्यटक टिहरी झील पहुंच रहे हैं।

इफ्फी

प्रसार भारती ने गोवा के पणजी में आयोजित 57वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के दौरान अपनी पहली स्क्रिप्ट पिचिंग लैब 'पेज से पिच तक' के विजेताओं की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य देश के उभरते लेखकों को अपनी मौलिक कहानियों और पटकथाओं को फिल्म उद्योग तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है। प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी की परिकल्पना पर आधारित इस पहल में फीचर फिल्म, वृत्तचित्र और लघु फिल्म की श्रेणियों में दस भारतीय भाषाओं की करीब एक हजार पटकथाएं प्राप्त हुईं। प्रतियोगिता में अविशेष झा को उनकी पटकथा 'मिर्ची केक' के लिए पहला, सत्य व्यास को 'संहार' के लिए दूसरा और जितेश ठाकुर को 'शरद पूर्णिमा' के लिए तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार ने कहा कि युवा प्रतिभाओं की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करना और उनकी मौलिक कहानियों को मंच उपलब्ध कराना आवश्यक है।

कुंभ / गतिविधियां

हरिद्वार कुंभ–2027 की धार्मिक गतिविधियों का श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के रमता पंचों की जमात के नगर प्रवेश के साथ शुभारंभ हो गया। चंडी चौक पर बैंड–बाजे, पुष्पवर्षा और हर–हर महादेव के जयघोष के बीच साधु–संतों और नागा साधुओं का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे। मेलाधिकारी सोनिका, पुलिस महानिरीक्षक, कुंभ, डॉ. योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने जूना अखाड़े के संतों और रमता पंचों का स्वागत किया। रमता पंचों के नगर प्रवेश के साथ ही कुंभ क्षेत्र में अखाड़ों की छावनी स्थापना, भूमिपूजन, धर्मध्वजा स्थापना और पेशवाई की तैयारियां गति पकड़ेंगी। आने वाले दिनों में अन्य अखाड़े भी अपनी परंपराओं के अनुसार कुंभ से जुड़ी धार्मिक गतिविधियां शुरू करेंगे। मेलाधिकारी सोनिका ने कहा कि मेला प्रशासन अखाड़ों की धार्मिक परंपराओं का सम्मान करते हुए साधु–संतों को सभी आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

नियुक्ति

रुद्रप्रयाग जिले में 24 एएनएम को नियुक्ति स्थल आवंटित किए गए हैं। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित 25 अभ्यर्थियों में से 24 ने काउंसलिंग में हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारुल गोयल ने बताया कि मेरिट और निर्धारित मानकों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य उपकेंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनाती दी गई है। सभी को एक महीने के भीतर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में मातृ व शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और परिवार कल्याण सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–

उत्तरकाशी के मोरी में आग से तैंतीस मकान राख। हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है। समाचार पत्र के अनुसार पवाणी गांव में आग लगने के बाद गैस सिलंडर फटने से हालात और बिगड़े। 58 परिवार हुए अग्निकांड से प्रभावित

बागेश्वर से कर्णप्रयाग तक डबल लेन जल्द। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीएम धामी को पत्र लिखकर दी जानकारी; मुख्यमंत्री ने जताया केंद्र का आभार।

बदरी–केदार धाम में लागू होगा चढ़ावे के हिसाब से 'जीरो ट्रस्ट' मॉडल– दैनिक जागरण समाचार पत्र की सुर्खी है। समाचार पत्र के अनुसार इस मॉडल के लिए तिरुपति से वैष्णो देवी तक का अध्ययन कर एसआईटी ने तीन सौ पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। मॉडल में सोना–चांदी और विदेशी मुद्रा का अलग से हिसाब रखने की बात भी कही गई है।